

साल तो बीत ही जाएगा
दिन, हफ्ते और घण्टे भी।
अब कोशिश करें कि न बीते मनुष्यता,
जज्बात, भावनाएँ और संवेदनशीलता।
हर एक नए दिन
एक नई तारीख आएगी
ये सबक लेकर कि कुछ नया करो।
कैलेण्डर में आती नई तारीख
उसी दिन पुरानी ज़रूर पड़ जाएगी
लेकिन यह नसीहत दे जाएगी
कि कम समय को
अधिक रचनात्मक बनाओ,
ऊर्जावान और आनंदमय भी।
बीतने साल के साथ हम न बीतें ।
कुछ नया करने का जज्बा जगाएँ
नये दिन का अभिषेक करें
नई मुस्कान के साथ, नये प्रेम निवेदन के साथ,
नई प्रार्थना के साथ और कुछ ऐसे काम के साथ
जो हम कैलेण्डर पर सिर्फ नोट न करें;
कर गुजरें।

संजय महर्षि पटेल

(सोशल मीडिया से साभार)

श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी।।
राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु मिटै मोर संदेहू।।
भूमि सप्त सागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला।।

|| Ram Katha 969 - ※मानस त्रिपति || Tirupati || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 167 | इंदौर, बुधवार 31 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


**देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कथित तौर पर दूषित पानी पीने के कारण 100 से ज्यादा लोगों को उल्टी-दस्त की गंभीर दिक्कतों के साथ अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया और इनमें से कम से कम तीन मरीजों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि 8 लोगों की मौत हो चुकी है।**

## देश के सबसे साफ शहर में पानी इतना जहरीला!

# 8 लोगों की मौत का दावा 100 से ज्यादा बीमार

कटाक्ष




रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कथित तौर पर दूषित पानी ने कहर बरपा दिया है। दूषित पानी पीने के कारण उल्टी-दस्त होने से 8 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है, जबकि प्रशासन ने 3 मौतों की पुष्टि की है। वहीं, 100 से ज्यादा लोगों को गंभीर दिक्कतों के साथ अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना पर अफसोस जताया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी और सभी मरीजों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।**

स्थानीय लोगों का दावा है कि दूषित पानी पीने के कारण उल्टी-दस्त की वजह से 8 लोगों की जान चली गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से बीमार पड़ने के बाद पिछले एक सप्ताह में 6 महिलाओं सहित 8 लोग दम तोड़ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में नंदलाल पाल (70), उर्मिला यादव (60) और तारा कोरी (65) की डायरिया से मृत्यु हुई है।

### ऐक्शन में सरकार

प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भागीरथपुरा क्षेत्र में नगर निगम के एक जोनल अधिकारी और एक सहायक अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि एक प्रभारी सब-इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। अधिकारी ने बताया कि दूषित पेयजल कांड की जांच के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

### 12 हजार लोगों की जांच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि शहर के भागीरथपुरा इलाके में उल्टी-दस्त के प्रकोप के बारे में पता चलने पर स्वास्थ्य विभाग ने 2,703 घरों के सर्वेक्षण के दौरान करीब 12,000 लोगों की जांच की और इनमें से हल्के लक्षणों वाले 1,146 मरीजों को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। उन्होंने बताया कि अपेक्षाकृत गंभीर स्थिति वाले 111 मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया जिनमें से 18 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सीएमएचओ ने बताया, 'मरीजों का कहना है कि दूषित पानी पीने के बाद उन्हें उल्टी-दस्त और शरीर में पानी की कमी की दिक्कतें शुरू हो गईं।'

### शौचालय के पास पाइपलाइन में मिला लीकेज

नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने बताया कि भागीरथपुरा में जलापूर्ति की मुख्य पाइपलाइन में उस स्थान पर लीकेज पाया गया है, जिसके ऊपर एक शौचालय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि संभवतः इसी लीकेज के कारण पेयजल दूषित हुआ। इस बीच, कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने आरोप लगाया कि प्रशासन दूषित पेयजल कांड में अपनी गंभीर लापरवाही छिपाने के लिए मृतकों का वास्तविक आंकड़ा छिपा रहा है। उन्होंने कहा, 'दूषित पेयजल कांड ने देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की छवि पर बदनुमा दाग लगा दिया है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज लीपापोती की जा रही है।'

### मेयर ने क्या कहा?

हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में चार एम्बुलेंस के साथ चिकित्सकों के कई दल तैनात हैं जो उल्टी-दस्त के प्रकोप से निपटने के लिए उचित कदम उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस इलाके से पेयजल के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। इस बीच, शहर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि उन्हें भागीरथपुरा क्षेत्र में उल्टी-दस्त से पीड़ित 3 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। उन्होंने हालांकि मृतकों की पहचान का खुलासा नहीं किया। मेयर ने कहा, 'पेयजल के नमूनों की जांच रिपोर्ट का हालांकि इंतजार किया जा रहा है, लेकिन पहली नजर में लगता है कि ड्रेनेज का पानी पेयजल की आपूर्ति वाली लाइन में मिलने से पेयजल दूषित हुआ। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे।'

# ट्रैफिक प्रहरी... अभियान में नागरिक दे रहे अभिन्न योगदान पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा भी किया जा रहा सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही के साथ ही बेहतर यातायात व्यवस्था में आम जनमानस की सहभागिता भी बढ़े तथा सभी में यातायात नियमों के पालन के प्रति जनजागृति आए, इसी उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा "ट्रैफिक प्रहरी" अभियान संचालित किया जा रहा है।**





उक्त अभियान से शहर के जिम्मेदार व जागरूक नागरिक भी जुड़ रहे हैं, जिन्हें प्रोत्साहित करने हेतु मंगलवार को पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह ने बेहतर यातायात व्यवस्था में सराहनीय कार्य करने वाले 4 ट्रैफिक प्रहरियों - अमित चटर्जी (गीताभवन चौराहा), बलवंत टपाल (पलासिया चौराहा), शीतल चौहान (विजयनगर चौराहा), श्रवण बड़गुजर (यशवंत रोड चौराहा) को शील्ड, प्रशस्ति पत्र, उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही इस अभियान से जुड़ने वाले नए ट्रैफिक प्रहरियों को कैप, उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया और उन्हें जैकेट, सिटी, लाइट बेटन और बेच प्रदान कर, उनके द्वारा समाजहित में जो अभिन्न सेवा देंगे, उसके लिए उनकी सराहना भी की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह, पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) आनंद कलादगी व अन्य अधिकारीगण एवं जागरूक ट्रैफिक प्रहरी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने उक्त अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान से अभी तक 2545 जिम्मेदार नागरिक जुड़ चुके है और अपनी सुविधानुसार विभिन्न चौराहों पर यातायात प्रबंधन में सहयोग भी किया है। उन्होंने आमजन को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, हमारी इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात प्रबंधन एवं नियम पालन की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके। इससे जुड़ने के लिए दिये गए क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म भर सकते हैं, अपने सुविधानुसार समय एवं स्थान का चयन कर यातायात प्रहरी के रूप में कार्य कर सकते हैं। "ट्रैफिक प्रहरी" के माध्यम से नागरिकगण यातायात पुलिस की सहायता कर सकते है और आमजन में नियमों के पालन हेतु जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

## संस्था "आदित्य "द्वारा आयोजित आइकोनिक फैशन शो & एक्सीलेंस अवार्ड नाईट व पत्रकार सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने किया

● कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भी दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। युवा तरुणाई व पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को संस्था 'आदित्य 'के तत्वावधान में आयोजित होने वाले आइकोनिक फैशन शो & एक्सीलेंस अवार्ड नाईट व पत्रकार सम्मान समारोह का आमंत्रण पत्र दिया व केशरिया दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। संस्था 'आदित्य' के संयोजक सचिन नीमा ने बताया की इस अवसर पर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी आकाश विजयवर्गीय ने किया व कार्यक्रम में उपस्थित होने की अनुमति देने के साथ ही अग्रिम बधाई प्रेषित की। 10 जनवरी को होने वाले इस आयोजन में कई जननेताओ व प्रमुख हस्तियों के साथ वरिष्ठ पत्रकारों ,कलाकारों ,गायकों व विशेष प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कला,खेल,साहित्य व पत्रकारिता के धुरंधर हस्तियों



को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। सीए दिलीप नीमा वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट, लेखक, विचारक एवं रेडियो आर्टिस्ट को भी इस अवसर पर विशेष सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान रजनेश गुप्ता, अजय नागर, सुरभि जी, संजय मेहता, ज्योति जी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस कमिश्नर ने सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनने के लिए किया प्रेरित

### नागरिकों में जागरूकता हेतु किये हेलमेट व उपहार वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ( अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन4) आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में 30 दिसम्बर को शहर के पलासिया चौराहे पर पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ( अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह, पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन4) आनंद कलादगी की उपस्थिति में इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा वृहद हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा युवा, बुजुर्ग, जरूरतमंद ऐसे वाहन चालक जिनके पास रजिस्ट्रेशन लाइसेंस दस्तावेज पूर्ण थे उन्हें







हेलमेट प्रदान किए गए। ऐसे वाहन चालकों द्वारा नियमो का उल्लंघन करने पर पहले चालान किया गया फिर सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट भी दिया। ऐसे भी जिम्मेदार दोपहिया वाहन चालक इस अभियान में सम्मिलित हुए जो स्वेच्छा से हेलमेट लगाएं मिले, पुलिस कमिश्नर व अधिकारियों द्वारा ऐसे जिम्मेदार चालको की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए।

पुलिस कमिश्नर महोदय ने वाहन चालकों से यह भी कहा कि लगातार इन्दौर शहर के सुगम, सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए आमजन मानस को जागरूक करने व सड़क सुरक्षा में उनकी सहभागिता के लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों उद्देश्य यही है कि वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों की गंभीरता को समझे व स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करें। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार वाहन चालकों को आगे आना चाहिए और अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए। वाहन चालकों ने भी संकल्प लिया कि ना केवल हम यातायात नियमों का पालन करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। वाहन चालकों ने पुलिस कमिश्नर से अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में देवास नाका ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोशिएशन का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, निरीक्षक गण सहित यातायात का स्टाफ, ट्रैफिक प्रहरी, जिम्मेदार नागरिक भी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनकर किया गया निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंलगवार की तरह इस मंगलवार भी जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। कलेक्टर कार्यालय में आज मुख्य रूप से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका



निराकरण किया। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, निजी भूमि पर अतिक्रमण, मकान पर किराएदारों का कब्जा, दिव्यांगजन को साइकिल की सहायता आदि से संबंधित आवेदन आए। आवेदकों की सुनवाई अधिकारियों द्वारा की गई। साथ ही जनसुनवाई में आये पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें मध्यस्थता का केंद्र में प्रेषित किया गया है ताकि आपसी सुलह, समझौते से पारिवारिक विवाद आसानी से सुलझ जाए। कुछ ऐसे आवेदक आए जिन्हें इलाज के लिए आर्थिक सहायता चाहिए थी, उन्हें रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दिलाई गई। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

5 थानों में बढ़ेगा बल, 3 नए थाने

# आज 31 दिसंबर पर विशेष चेकिंग अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस कमिश्नर ने साल भर के अपराधों को लेकर मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने गंभीर अपराधों और स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि शहर में जल्द ही 5 थानों में बल बढ़ाया जाएगा। वहीं अन्य तीन थानों को भी अनुमति मिलेगी। उन्होंने आज 31 दिसंबर को लेकर विशेष चेकिंग किए जाने की बात भी कही।**

पलासिया पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने सालभर के अपराधों के आंकड़ों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने सोशल पुलिसिंग पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही। उनका कहना था कि ट्रैफिक को लेकर जल्द ही शहर में बड़े प्लान लाए जाएंगे, लेकिन इसके पहले जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जो काफी बड़े स्तर पर होगा। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न संस्थाओं की मदद से इंदौर पुलिस द्वारा शहर में 1100 हेलमेट का वितरण किया जा चुका है। शहर में बढ़ रहे अपराधों और थानों में बल की कमी को लेकर भी उन्होंने समीक्षा की। इसमें उन्होंने तिलक नगर, द्वारकापुरी सहित करीब 5 थानों में बल की कमी होने की बात कही और यहां जल्द ही बल बढ़ाने की बात कही। वहीं उन्होंने चंदन नगर, लसूडिया और बाणगंगा में तीन नए थाने शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल्द ही शासन से अनुमति मिलने वाली है, जो पहले से स्वीकृत है। उन्होंने बताया कि सभी डीसीपी ने अपने-अपने इलाकों के होटल और रिसॉर्ट मालिकों के साथ बैठक ली है। उन्होंने 31 दिसंबर के कार्यक्रमों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस की टीमें, थाना मोबाइल के साथ 112 को भी अलर्ट पर रखा है। इसके अलावा महिला पुलिस को भी इस दौरान विशेष जगहों पर तैनात करने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर और 1 जनवरी को सड़कों पर हंगामा करने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर कई विषयों पर चर्चा की गई।



# ट्रैफिक पुलिस ने अलग अंदाज में चेतावनी दी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर को लेकर अलग अंदाज में चेतावनी दी है। इसे लेकर एक पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान ना बनें। 31 दिसंबर को जहां इंदौर पुलिस मैदान में रहेगी वहीं ट्रैफिक पुलिस के जवान भी जगह-जगह चेकिंग पाइंट पर नजर आएंगे। शहर के अंदर के साथ ही शहर के बाहर भी चेकिंग चलेगी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनोखे अंदाज में दी गई चेतावनी का पोस्टर काफी वायरल भी हो रहा है।

पुलिस ने इस पोस्टर के माध्यम से चेतावनी दी है कि नशा करके गाड़ी ना चलाए। जिससे खुद की और दूसरों की जान जोखिम में ना आ जाए। बता दें, 31 दिसंबर को कई जगह नए साल के जश्न का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा होटल, बार-पब में भी कई आयोजन होते है। जिसमें कई लोग शराब का सेवन भी करते है। शराब के नशे में लोग गाड़ी ना चलाए और हादसों का शिकार ना हो इसलिए पुलिस जगह-जगह चेकिंग करेगी और नशे में गाड़ी चलाने वालों की गाड़ी जब्त करेगी। बताया जा रहा है कि 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी 31 दिसंबर को ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर को लेकर एक पोस्टर जारी किया है। जो काफी वायरल भी हो रहा है। इस पोस्टर में लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान न बनें। 31 दिसंबर की रात विशेष संदेश सिर्फ हमारे खास मेहमानों के लिए नशे में वाहन चलाने वाले तेज या लापरवाही से वाहन चलाने वाले स्टंटबाजी कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले आप आएंगे वाहन से, लेकिन जाएंगे पैदल। समय पूरी रात, स्थान नजदीकी पुलिस स्टेशन। इस पोस्टर में ये भी लिखा है कि अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ जश्न मनाएं। स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।




# परिवहन विभाग का विशेष जांच अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहनों के लिए (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) को अनिवार्य किए जाने के बाद इंदौर में कुछ वाहन चालक नकली और अमान्य एचएसआरपी लगवाकर वाहन दौड़ा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने विशेष जांच अभियान शुरू कर दिया है। नए साल के दौरान विभाग रोज चेकिंग करेगा।**

अभियान के तहत पालदा क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 10 कारों पर नकली एचएसआरपी लगी पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नकली और अमान्य एचएसआरपी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे केवल असली नंबर प्लेट ही लगवाएं और उसे परिवहन विभाग के सिस्टम में अपडेट कराएं।

# धरना मामले में सभी बरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिला कोर्ट ने कोरोना काल के दौरान राजबाड़ा चौक पर बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने के मामले में तत्कालीन विधायक जीतू पटवारी, संजय शुक्ला, विशाल पटेल और विनय बाकलीवाल को दोषमुक्त कर दिया। मामले में फरियादी थाना प्रभारी ने अपने थाने के पुलिसकर्मियों को गवाह बनाया था। पूरे मामले में एक भी स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था। थाना प्रभारी सहित किसी भी पुलिसकर्मी को यह जानकारी नहीं थी कि धरना प्रदर्शन में कितने लोग शामिल थे।

घटना की कोई वीडियो रिकॉर्डिंग भी कोर्ट में पेश नहीं की गई। साक्ष्यों के अभाव और दोष सिद्ध न होने के कारण कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। एमपी एलएलए कोर्ट इंदौर के न्यायाधीश देव कुमार ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। कोरोना काल के दौरान 13 जून 2020 को विधायक पटवारी, शुक्ला, पटेल और बाकलीवाल ने राजवाड़ा पर देवी अहिल्या प्रतिमा के सामने जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया था। इस पर थाना सराफा ने कोरोना संक्रमण काल में कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में धारा 188, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी अमृता सोलंकी फरियादी थीं और एफआईआर भी उन्हीं द्वारा दर्ज की गई थी। विवेचना अधिकारी भी वे स्वयं थीं। फरियादी थाना प्रभारी ने अपने मातहत पुलिसकर्मियों को गवाह बनाया। पूरे मामले में किसी स्वतंत्र गवाह या वीडियो रिकॉर्डिंग का अभाव था। थाना प्रभारी सहित किसी गवाह को यह जानकारी नहीं थी कि धरना प्रदर्शन क्यों किया गया और क्या मांगें थीं। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए पटवारी सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। प्रकरण में आरोपियों की ओर से पैरवी एडवोकेट सौरभ मिश्रा और एडवोकेट जय हार्डिया ने की।

## लायंस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह संपन्न

**इंदौर।** लायंस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन संजय गायकवाड़ रहे, जो अपनी धर्मपत्नी इंदिरा गायकवाड़ के साथ समारोह में उपस्थित हुए। विद्यालय की निदेशक द्वय आर्चना भारद्वाज एवं विजय भारद्वाज ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन संजय गायकवाड़ ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें अनुशासन, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करते हैं।



## पति ने पत्नी को जिंदा जलाया, मौत

**बुरहानपुर, एजेंसी।** जिले में एक युवक ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया। उसने पत्नी पर डीजल डालकर आग लगा दी। महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बहादरपुर गांव में मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, ज्योति (33) और उसके पति अरुण का दो दिन से विवाद चल रहा था। आज सुबह भी दोनों में झगड़ा हुआ और अरुण ने ज्योति को आग के हवाले कर दिया। ज्योति को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी पति मौका देखकर फरार हो गया। महिला के परिजन ने आरोप लगाया है कि पति अरुण आए दिन ज्योति के साथ मारपीट करता था। उन्होंने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एमएसएमई विभाग निर्णायक भूमिका निभा रहा : काश्यप

**भोपाल, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 में देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के दृष्टिगत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अभ्युदय मध्यप्रदेश की परिकल्पना के तहत सर्वांगीण विकास में एमएसएमई विभाग निर्णायक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से विकास और सेवा के 2 वर्ष पर संवाद करते हुए विभाग की दो वर्षों की उपलब्धियों तथा आगामी 3 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों और विकसित भारत के संकल्प की जानकारी दी। मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि एमएसएमई को 5 हजार करोड़ की प्रोत्साहन सहायता के साथ ही 30 नवीन निजी क्लस्टरों और 22 नवीन कामन फैसिलटी सेंटर की स्वीकृति दी जाएगी।

## 53100 करोड़ कर्ज लिया सरकार ने

**भोपाल, एजेंसी।** 2025 के जाने से पहले मोहन सरकार ने बाजार से 3500 करोड़ रुपए का नया कर्ज उठा लिया है। इसके बाद चालू वित्त वर्ष में मोहन सरकार द्वारा लिया गया कर्ज 53100 करोड़ तक पहुंच गया है। आरबीआई के जरिए 30 दिसंबर को तीन किस्तों में यह कर्ज लिया गया है जिसका भुगतान सरकार को 31 दिसम्बर को होने वाला है। इसके पहले शीतकालीन सत्र की शुरुआत के दौरान सरकार ने बाजार से कर्ज लिया था। वित्त वर्ष की शुरुआत के पहले सरकार पर 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था। मोहन सरकार का आज लिया गया पहला कर्ज 1200 करोड़ रुपए का है जो 5 साल के लिए है और इसका ब्याज के साथ सरकार 31 दिसम्बर 2030 तक भुगतान करेगी। इस राशि से कृषि योजनाओं, सिंचाई और पावर प्रोजेक्ट्स, कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में काम होगा। दूसरा लोन 11 साल के लिए लिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश में डेयरी गतिविधियों के संबंध में दिए दिशा निर्देश

# दुग्ध उत्पादन तथा प्रोसेसिंग में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और रोजगार की अपार संभावनाएं: डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के दुग्ध उत्पादन को औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का भी आधार बनाया जाए। दुग्ध उत्पादन तथा उसकी प्रोसेसिंग व मार्केटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही दुग्ध उत्पादन कृषकों की आय बढ़ाने में भी प्रभावी रूप से सहायक है।

सभी जिलों में समन्वित रूप से गतिविधियां संचालित करते हुए सांची ब्राण्ड का अधिक से अधिक विस्तार किया जाए। सांची प्रोडेक्ट्स की ब्राण्डिंग में गोवंश और गोपाल को शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य हुए एग्रीमेंट के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में वरिष्ठ विधायक हेमंत खण्डेलवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास उमाकांत उमराव तथा



राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में दुग्ध उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों की दक्षता और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर तक गतिविधियां संचालित की जाएं। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि दुग्ध संकलन व्यवस्था की मजबूत निगरानी हो। दूध खरीदी की कीमतें उत्पादकों के लिए लाभप्रद हों और खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो तथा दुग्ध उत्पादकों को उनका भुगतान नियमित रूप से समय-सीमा में प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर निजी भागीदारी और डेयरी सहकारी समितियों के समन्वय से दुग्ध उत्पादन गतिविधियों का विस्तार किया जाए।

इससे सम्पूर्ण प्रदेश में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन प्रदान करने, किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रशिक्षण संस्थानों में डेयरी टेक्नोलॉजी पर केन्द्रित प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं। इससे डेयरी प्लांट संचालन में मदद मिलेगी और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सांची ब्राण्ड के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है तथा सांची डेयरी शुरू करने की मांग कई स्थानों से आ रही है। दुग्ध उत्पादकों को दूध मूल्य के नियमित एवं समय पर भुगतान के लिए 10 दिन का रोस्टर तय किया गया है। दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदी मूल्यों में 2 रूपए 50 पैसे से 8 रूपए 50 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। अब तक 1241 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया है तथा 635 निष्क्रिय दुग्ध समितियों को क्रियाशील बनाया गया है। बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमेन श्री मीनेश शाह, कार्यकारी निर्देशक, श्री एस. रघुपति, महाप्रबंधक श्री जिगनेश शाह, एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोस्वामी, ग्रुप हेड श्री असीम निगम, ग्रुप हेड, डॉ. शुभंकर नंदा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक डॉ. पी.एस. पटेल, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## टीआई ने फांसी के फंदे से युवक को उतारकर सीपीआर देकर बचाई जान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पुलिस केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट की घड़ी में नागरिकों के जीवन की रक्षा करने में अपनी भूमिका निभाती है। नागदा पुलिस ने तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदना का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पुलिस सेवा की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित करता है। नागदा थाना प्रभारी श्री अमृतलाल गवरी ने फांसी के फंदे पर झूल रहे एक युवक को न केवल समय रहते नीचे उतारा, बल्कि सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक का प्रयोग कर उसका जीवन बचाया।

यह घटना उस समय की है जब थाना प्रभारी श्री अमृतलाल गवरी क्षेत्र में नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान पीड़ित के पिता रास्ते पर दौड़ते हुए आए और थाना प्रभारी गवरी को बताया कि मेरे बेटे ने फांसी लगा ली है। सूचना की गंभीरता को तत्काल समझते हुए थाना प्रभारी एक क्षण भी विलंब किए बिना पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही पुलिस टीम ने दरवाजा तोड़ा और युवक को फंदे से नीचे उतारा। परिजन युवक को मृत समझकर शोकाकुल हो गए, किंतु थाना प्रभारी श्री अमृतलाल गवरी ने अपने प्रशिक्षण में अर्जित सीपीआर तकनीक का उपयोग करते हुए तुरंत जीवनरक्षक प्रयास शुरू किए। कुछ ही मिनटों की सतर्कता और निरंतर प्रयासों से युवक की धड़कनें सामान्य हुईं। इसके बाद उसे तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु रतलाम हॉस्पिटल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित परिवारजनों ने थाना प्रभारी श्री अमृतलाल गवरी एवं नागदा पुलिस के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस त्वरित, साहसिक एवं मानवीय कार्यवाही की जानकारी पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने थाना प्रभारी श्री अमृतलाल गवरी की सराहना करते हुए उन्हें 10 हजार रूपए का नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। पुलिस महानिदेशक ने इस कार्य को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश पुलिस बल के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण पुलिस और समाज के बीच विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

## कंटेनर में घुसी श्रद्धालुओं की ट्रैक्स क्रूजर, 4 की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** मैहर में नेशनल हाईवे-30 पर ट्रैक्स क्रूजर कंटेनर से टकरा गया। गाड़ी में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 11 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। हादसा नादन में सोमवार देर रात हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्स क्रूजर एमपी20 जेड व्हाय 2807 में करीब 20 लोग सवार थे। ये सभी कटनी के एनकेजे पकरिया से प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) में 4 जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले में शामिल होने जा रहे थे। सभी को संगम में स्नान करना था। ग्राम तिलोरा के पास हाईवे पर वाहन आगे चल रहे कंटेनर में पीछे जा घुसा। मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग और पुलिसबल तुरंत मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक की रास्ते में मौत हो गई, वहीं एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 12 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## बड़ोदा के 108 लोग महाकाल मंदिर में सजावट करेंगे

**इंदौर। नव वर्ष पर 11 हजार डमरू और 5 लाख से अधिक रुद्राक्ष से महाकाल मंदिर के द्वार शिखर और महाकाल लोक के स्तम्भ सजाए जाएंगे। इसके लिए बड़ोदा की 108 लोगों की टीम उज्जैन पहुंची है। टीम के सदस्य 31 जनवरी की रात तक मंदिर में सजावट का काम पूरा करेंगे।**

बड़ोदा से आए नरेंद्र शाह ने बताया कि इससे पहले टीम ने केदारनाथ मंदिर में सजावट की थी। इस बार महाकाल मंदिर में मौका मिला है। जिसके बाद डमरू वाला ग्रुप ने के 108 सदस्य



उज्जैन पहुंचे है। सबसे पहले नंदी गेट पर सजावट की जायेगी। इसके बाद महाकाल लोक स्तम्भ, मंदिर का शिखर, नीलकंठ द्वार, नंदी हाल, चांदी गेट को रुद्राक्ष डमरू पत्री बेल झूमर सीएनसी कटिंग से सजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि, दो दिन में इस काम को पूरा कर लिए जाएगा। नरेंद्र शाह ने बताया कि डमरू वाला की टीम बाइकर्स की टीम है। इसलिए बड़ोदा से बाइक द्वारा उज्जैन आए है। टीम द्वारा नव वर्ष के मौके पर महाकाल मंदिर को सजाने का पूरा खर्चा उठाया जा रहा है।

## संपादकीय

# समान समय, समान न्याय: सुप्रीम कोर्ट का बड़ा बदलाव

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी नागरिक को कानूनी आपात स्थिति का सामना करना पड़ता है या जांच एजेंसियों की ओर से उसे देर रात गिरफ्तारी की धमकी दी जाती है, तो वह मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए आधी रात में भी संवैधानिक अदालतों से सुनवाई की मांग कर सकेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने बताया कि मेरा प्रयास है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जनता की अदालतें बनें, जहां कानूनी आपात स्थितियों में कार्य समय के बाद भी कभी भी अपील की जा सके। चीफ जस्टिस ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में से एक यह है कि लंबित याचिकाओं से निपटने के लिए यथासंभव अधिक से अधिक संवैधानिक पीठों का गठन किया जाए। इन याचिकाओं में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं - जैसे कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का समूह, जो बिहार से शुरू हुआ और अब एक दर्जन राज्यों में चल रहा है। मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा कि वे धार्मिक स्वतंत्रता और महिलाओं के अधिकारों के बीच टकराव को उजागर करने वाली कई याचिकाओं पर फैसला करने के लिए नौ न्यायाधीशों की पीठ गठित करने की व्यवहार्यता की भी जांच करेंगे। एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, अब वकील महत्वपूर्ण मामलों में कई दिनों तक बहस नहीं कर सकेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वकीलों के लिए बहस पूरी करने हेतु सख्त समयसीमा लागू करने का निर्णय लिया है। अंबानी बंधुओं के बीच हुए समझौते के विवाद से संबंधित उस मामले जैसा कोई और मामला कभी नहीं होगा, जिसमें वकीलों ने सर्वोच्च न्यायालय में 26 दिनों तक बहस की थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि गरीब वादियों को न केवल मुफ्त कानूनी सहायता मिले, बल्कि उनके मामलों की सुनवाई के दौरान उन्हें अदालत का समान समय भी मिले। लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने पर भी चीफ जस्टिस ने जोर दिया।

## ज्ञान-विज्ञान

# साल 2026 में दुनिया देखेगी चंद्र ग्रहण का शानदार नजारा

### भारत और कहां-कहां आएगा नजर?



खगोलविदों और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों के साल 2026 शानदार होने जा रहा है। आने वाले साल में कई चंद्र ग्रहण होने वाले हैं, जिससे आसमान देखने वालों को दुर्लभ नजारा देखने का मौका मिलेगा। यह साल इसमें पूर्ण ग्रहण से लेकर आंशिक तक शानदार खगोलीय नजारे दिखाने का वादा करता है। चंद्र ग्रहण उस खगोलीय घटना को कहते हैं जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है। इस प्रक्रिया में पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है और यह अंधेरे में चला जाता है। खास बात यह है कि सूर्यग्रहण के उलट चंद्रग्रहण को नंगी आंखों से देखना सुरक्षित होता है। यानी इसे आराम से देखा जा सकता है।

### ● मार्च में होगा पूर्ण चंद्रग्रहण

साल 2026 का पहला चंद्र ग्रहण मार्च में होने जा रहा है। 3 मार्च होने वाला यह एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। इसे पूरे एशिया और ऑस्ट्रेलिया में देखा जाएगा। इसके अलावा पैसिफिक द्वीपों और उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका में भी यह पूरी तरह से दिखाई देगा। अमेरिकी समयानुसार यह अमेरिकी समयानुसार यह सुबह तड़के 3.44 मिनट पर शुरू होगा और 9.23 बजे सुबह खत्म होगा। खास बात है कि यह भारत में दिखाई देगा। इसकी लंबी ग्रहण अवधि इसे अलग-अलग टाइम जोन में देखने के योग्य बनाता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान चांद नारंगी रंग का दिख सकता है। इस घटना को ब्लड मून कहा जाता है। ऐसा पृथ्वी के वातावरण द्वारा सूरज की रोशनी को चांद पर बिखरने के कारण होता है।



### ● अगस्त में आंशिक चंद्र ग्रहण

साल का दूसरा और आखिरी चंद्रग्रहण 27-28 अगस्त को होगा। यह एक आंशिक चंद्र ग्रहण होगा जो अमेरिका और यूरोप में दिखाई देगा। इसे अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में भी देखा जा सकेगा। खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार, अमेरिकी समयानुसार चंद्रमा रात 9:22 मिनट पर उपछाया में प्रवेश करेगा। रात 10:33 बजे पूर्ण छाया में प्रवेश करेगा और सुबह 3:03 बजे खत्म होगा। भारत में इस समय दिन होने के चलते इसे नहीं देखा जा सकेगा। आंशिक ग्रहण के दौरान चंद्रमा का केवल एक हिस्सा पृथ्वी की छाया से होकर गुजरता है। इसके चंद्रमा की सतह का एक हिस्सा छिप जाता है। चंद्रग्रहण पूर्णिमा के दौरान होता है। खास बात है कि सूर्यग्रहण की तरह इसे देखने के लिए किसी खास चश्मे की जरूरत नहीं होती है। इसे नंगी आंखों से देखना सुरक्षित होता है।

Uttarpradesh

# आज होगा रामलला का अभिषेक: अनुष्ठान में शामिल होंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी के साथ करेंगे ध्वजारोहण

**अयोध्या, (एजेंसी)** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर बुधवार को रामलला का भव्य अभिषेक होगा। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। रक्षा मंत्री सुबह 11:00 बजे अयोध्या पहुंचेंगे और मंदिर परिसर में लगभग चार घंटे तक रहकर विविध अनुष्ठानों में शामिल होंगे। वह परकोटा में बने अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण भी करेंगे। भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जा रही है। प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर चल रहे पाटोत्सव के अंतर्गत यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है।



प्रतिष्ठा द्वादशी के दिन ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस तिथि पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामलला का अभिषेक किया जाएगा। इसमें यज्ञ, हवन और पूजन की परंपरागत विधियां संपन्न होंगी। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के साथ संत-महात्मा, धर्माचार्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

दर्शन और आवागमन की विशेष व्यवस्था

रक्षा मंत्री मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार्यों को भी देखेंगे। अनुष्ठान में शामिल होने के बाद अंगद टीला परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे। वह दोपहर 3:20 बजे अयोध्या से वापस होंगे। रक्षामंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

chhindwara

## घर में 'गंदगी' कर देते थे पिता, कलयुगी बेटे ने पहले मारे थप्पड़, फिर कर दी हत्या, बहू ने शव के ऊपर डाल दी चादर



**छिंदवाड़ा, (एजेंसी)** छिंदवाड़ा जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक जघन्य वारदात सामने आई है। यहां के थाना चांद इलाके में एक बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की लाठियों से पीट-पीटकर सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वह शारीरिक कमजोरी के कारण घर में गंदगी कर देते थे. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है.

घटना ग्राम रमपुरी दावाझिर की है, जहां दिल दहला देने वाला यह घटनाक्रम सोमवार शाम को हुआ. आरोपी जयसिंह इनवाती अपने पिता शंकर इनवाती की बढ़ती उम्र और उनके द्वारा की जाने वाली गंदगी से परेशान था.

सोमवार दोपहर करीब 4 बजे, जब बुजुर्ग शंकर इनवाती बाड़ी के पास बैठे थे, तभी जयसिंह वहां पहुंचा. उसने पिता को गंदगी कर परेशान करने का ताना मारते हुए पहले थप्पड़ मारे और फिर पास पड़ी लकड़ी (लाठी) उठाकर उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया.

लाठियों की चोट से बुजुर्ग पिता की मौके पर ही मौत हो गई. डर के मारे आरोपी जयसिंह और उसकी पत्नी सकरवती ने शव को उठाकर घर के अंदर लिटा दिया और ऊपर से चादर ढंक दी.

बुजुर्ग की पत्नी लच्छो बाई को जब शाम 8 बजे इस मारपीट की खबर मिली, तो वह अपनी बड़ी बहू के साथ मौके पर पहुंचीं और खून से लथपथ पति को देख पुलिस को सूचना दी.

Bihar

## बिहार के गयाजी में दम घुटने से नानी और 2 बच्चों की मौत, ठंड से बचने के लिए जलाई थी बोरसी

**गयाजी, (एजेंसी)** पूरे बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस भीषण ठंड से बचने के लिए कई लोग अलाव जलाते हैं। गयाजी जिले में बोरसी जलाकर सोए एक परिवार के साथ बड़ा हादसा हो गया है। यहां बोरसी की गैस से दम घुटने के कारण नानी समेत नाती और नातिन की मौत हो गई। यह घटना वजीरगंज प्रखण्ड के कुर्कीहार महादलित टोला क्षेत्र का है। मृतक की पहचान साठ वर्षीय मीना देवी, उसकी नातिन छह वर्षीय आंशी और नाती पांच वर्षीय सुजीत शामिल है। यह घटना तब हुई जब रात में परिवार के चार सदस्य एक कमरे में सो रहे थे। कमरे को गर्म रखने के लिए बोरसी जलाई गई थी। कमरा बद बंद होने के कारण उसमें गैस भर गई और ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे दो बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मौत का पता बुधवार की सुबह तब चला जब उसी कमरे में सोयी काजल देवी अपनी मां मीना देवी और पुत्र-पुत्री को जगाने लगी। तीनों बेहोशी की हालत में मिले जिसके बाद तुरंत चिकित्सक को वहां बुलाया गया। चिकित्सक ने जांच के बाद नानी समेत तीनों को मृत घोषित कर दिया।

Uttarpradesh

## फरीदाबाद में लिफ्ट के बहाने चलती कार में रेप... देर रात सहेली के यहां जाने के लिए निकली थी पीड़िता

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** फरीदाबाद में चलती कार में रेप की घटना सामने आई है। पीड़िता देर रात अपने घर से निकली थी। इसी दौरान कार सवार दो युवकों ने उसे लिफ्ट के बहाने कार में बैठा लिया और फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर चलती कार में रेप किया। विरोध करने पर पीटा। रेप के बाद पीड़िता को सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए। पीड़िता के चेहरे और सिर में चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता देर रात अपने घर से बाहर निकली थी। उसके परिवार ने बताया कि वह अपनी सहेली के घर जाने के लिए घर से निकली थी। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की बहन ने शिकायत में बताया कि रात 8:30 बजे उनके पास बहन की कॉल आई थी और उसे बताया गया कि घर में मां से कहासुनी हो



गई है, मैं अपनी सहेली के घर जा रही हूं. उसने कहा था कि मैं 3 घंटे में वापस आ जाऊंगी.

पीड़िता की बहन के मुताबिक, देर रात करीब 12:00 बजे पीड़िता कहीं जाने के लिए सवारी का इंतजार करने लगी. इसी दौरान उसके सामने एक कार आकर रुकी, जिसमें दो युवक बैठे हुए थे. आरोप है कि लिफ्ट देने के बाद दोनों युवक वैन को गुरुग्राम रोड की ओर ले गए.

खेल

# 12 साल के खिलाड़ी से हारे विश्व चैंपियन गुकेश भारी पड़ गई ये गलती, उलटफेर का शिकार हुए

**नई दिल्ली। विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिड विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में 12 साल के खिलाड़ी सर्गेई स्लोकिन से हार का सामना करना पड़ा। गुकेश को एक गलती भारी पड़ गई और वह इस युवा फिडे मास्टर के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। विश्व खिताब जीतने के बावजूद गुकेश को तीसरे दौर के तनावपूर्ण मुकाबले में युवा फिडे मास्टर के हाथों हार का सामना करना पड़ा।**

### स्लोकिन ने गुकेश को चौंकाया

विश्व चैंपियन गुकेश की ब्लिट्ज रेटिंग 2628 है, जो स्लोकिन की लगभग 2400 की रेटिंग से 228 अंक ज्यादा है। दोनों खिलाड़ियों के स्तर में भी काफी बड़ा अंतर है। गुकेश एक सुपर ग्रैंडमास्टर हैं जिनकी



क्लासिकल रेटिंग 2750 से ऊपर है। दूसरी तरफ स्लोकिन के पास फिडे मास्टर का टाइटल है, जो ग्रैंडमास्टर से दो स्तर नीचे है। इस बड़े अंतर के बावजूद स्लोकिन ने गुकेश का डटकर मुकाबला किया।

### किस तरह जीती बाजी हारे गुकेश

स्लोकिन के खिलाफ गुकेश अच्छी स्थिति में थे और मुकाबला अपने नाम करने के करीब थे। लेकिन 70वें चाल में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया और गुकेश वापसी नहीं कर सके। काले मोहरों से खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश के पास सिर्फ आठ सेकेंड बचे थे, जबकि स्लोकिन के पास लगभग 13 सेकेंड थे। इस समय युवा प्रतिभा ने हाथी की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया। गुकेश एक प्यादा पीछे थे, लेकिन यह अदला-बदली खेल को ड्रॉ करवा सकती थी। गुकेश ने हालांकि हाथी की अदला-बदली के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और जीतने की संभावना बनाए रखने के लिए 70Rf4 चला। यह फैसला महंगा साबित हुआ। स्लोकिन ने इस मौके का सटीक फायदा उठाया और जल्द ही एक बिशप जीत लिया। इसके बाद गुकेश की स्थिति बिगड़ने लगी और उनके पास लड़ने के लिए कोई प्यादा नहीं बचा था, इसलिए उन्होंने लगभग 10 चालों के बाद हार मान ली।

सिनेमा

## बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधुर' की आंधी, फिर भी करोड़ों के लॉस में फिल्म! बैन ने कराया नुकसान



ये कहना गलत नहीं होगा कि धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. फिल्म दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और जल्द ही 1100 करोड़ क्लब में भी शामिल होने वाली है. भारत में जहां फिल्म लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है, वहीं विदेशों में भी इसकी कमाई रुकने का नाम नहीं ले रही. हालांकि, अगर मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) के कई देशों में फिल्म पर बैन न लगा होता, तो विदेशों से इसकी कमाई और भी ज्यादा हो सकती थी. हाल ही में फिल्म के ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूटर प्रणब कपाड़िया ने बताया कि इस बैन की वजह से रणवीर सिंह स्टारर फिल्म को विदेशों में भारी नुकसान हुआ है. सीएनएन न्यूज 18 से बातचीत में प्रणब कपाड़िया ने कहा- मुझे लगता है कि हमें कम से कम 1 करोड़ डॉलर (करीब 80 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है, क्योंकि आमतौर पर एक्शन फिल्में मिडिल ईस्ट में बहुत अच्छा प्रदर्शन करती हैं. इसलिए हमें लगा था कि वहां फिल्म को रिलीज की अथॉरिटी मिलनी चाहिए थी. लेकिन हमें हर देश के नियम-कानून और उनके फैसलों का सम्मान करना होता है. ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले 'फाइटर' जैसी फिल्मों को भी वहां रिलीज की परमिशन नहीं मिली थी.

## Highlights

1. **Father can't evade child support even if wife earns more: Delhi HC**
2. **Shilpa Shetty's club in Goa operating despite demolition notice after Birch fire: Report**
3. **Akal Takht objects to singer Jasbir singing kirtan, he replies**
4. **GST cuts & festive demand together fail to increase output of consumption goods: Report**
5. **Video shows stable glasses of water in Vande Bharat Sleeper train running at 180 kmph**

# Indian Oil said to buy first Colombian crude in wean-away from Russian oil imports




**NEW DElHI, (Agency).** Indian Oil Corp. Ltd. purchased its first Colombian oil under an optional supply deal with state oil company Ecopetrol, two people familiar with the matter said, as India's top refiner seek to diversify from Russian oil imports.

Indian Oil has purchased 2 million barrels of Colombian Castilla crude for delivery in late February, the sources said. It has an optional contract to buy about 12 million barrels, equivalent to 6 very large crude carriers (VLCC), they said. Each VLCC can carry 2 million barrels of oil. The deal was signed in late 2021 and has been renewed annually since.

Indian Oil and Ecopetrol did not respond to Reuters' requests for comments.

Indian refiners are scouting for crude as tighter US and EU sanctions on Moscow-backed oil producers and vessels are disrupting Russian oil imports. India's Russian oil imports are set to plunge to a three-year low at 1.2 million barrels per day in December, down from 1.84 million bpd in November, ship-tracking company Kpler said in a note.

Indian Oil meets most of its oil needs from Russia and Middle East and rarely buys South American grades despite having optional purchase contracts with Mexico, Brazil, and Colombia.

The terms of the deal, including pricing, have to be mutually acceptable to both the buyer and the seller, and South American crude has rarely been competitive with Russian and Middle Eastern grades, the sources said.

# The Year That Was: A year when domestic policy did the heavy lifting

**NEW DElHI, (Agency).** In terms of economy, 2025 will be remembered as a year where domestic policy acted as a bulwark against external headwinds to growth.

The process started from the 2025-26 Union Budget itself when the government announced a big-bang revision in income tax slabs which effectively entailed a large reduction in tax liability for individual tax payers. The budget itself assumed this to be about ₹1 lakh crore. Interestingly, there was no pressing reason



for the government to have done what it did. General elections were held in 2024 and the pre-election budget was pretty cold to electoral considerations prioritising fiscal prudence instead. To be sure, even the 2025-26 Budget assumes a fiscal consolidation over last year.

Perhaps it was political payback to the core electoral constituency of the Bharatiya Janata Party (BJP) – the middle class – with a time lag. The bet paid off in the Delhi elections, with the BJP winning India's only city-state where middle class voters are a decisive share. Perhaps it was a course correction to rejuvenate political capital as was seen in the BJP falling below the halfway mark in the Lok Sabha for the first time after 2014. With a landslide in Bihar, even this objective has been achieved.

जिला अस्पताल में

# डॉक्टरों का पोस्टमॉर्टम करने से इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राऊ इलाके में ट्रेन से कटकर हुई मौत के मामले में मंगलवार को जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों को घंटों परेशान होना पड़ा। पोस्टमॉर्टम के लिए तैनात डॉक्टरों द्वारा ड्यूटी से इनकार करने के कारण परिजन परेशान होते रहे।**

जानकारी के अनुसार, ट्रेन हादसे में मृत संतोष, पिता रघुनाथ का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में किया जाना था। इस दौरान डॉक्टर पुष्पराज सिंह की ड्यूटी लगी थी, लेकिन वे अस्पताल नहीं पहुंचे। परिजन दोपहर तक पोस्टमॉर्टम के लिए भटकते रहे। जब डॉक्टर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने आने से इनकार कर दिया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में उस दिन संविदा डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पोस्टमॉर्टम करने से भी इनकार कर दिया और इस संबंध में उन्होंने सिविल सर्जन को लिखित पत्र भी दिया। बाद में जब इस मामले की जानकारी आरएमओ सतीश नेमा को मिली तो उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल से डॉ. गर्ग को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वरिष्ठ डॉक्टरों के हस्तक्षेप और निर्देश के बाद मंगलवार को देर शाम पोस्टमॉर्टम किया जा सका। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मृतक के परिजन अस्पताल परिसर में काफी देर तक परेशान होते रहे। इस मामले में जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों संजय वर्मा, पुष्पराज सिंह, फजल अहमद खान, व्यास लिंकन, चेतन प्रताप सिंह और अब्दुल फारूखी ने पोस्टमॉर्टम ड्यूटी से स्वयं को मुक्त रखने के लिए सिविल सर्जन को लिखित पत्र सौंपा है। डॉक्टरों ने अपने पत्र में इस मामले में पीएम ड्यूटी से वंचित किए जाने की मांग की है।



# फायनेंसकर्मी युवती से छेड़छाड़ के बाद मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भागीरथपुरा में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व पड़ोसी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट को लेकर सोमवार देर रात थाने में शिकायत की है। युवती का कहना है कि उसका पूर्व पड़ोसी उसका पीछा करते हुए आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। रात में हिंदूवादी संगठन के लोगों को जानकारी लगी। पीड़िता को लेकर वह मामले में थाने पहुंचे हैं। बाणगंगा पुलिस ने 19 साल की युवती की शिकायत पर तरुण पुत्र प्रहलाद सूर्यवंशी के खिलाफ छेड़छाड़ को लेकर एफआईआर की है। युवती ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई है। युवती के मुताबिक तरुण पूर्व में उनका पड़ोसी रहा है। इसलिए पहचान है। सितंबर 2024 में तरुण मिला तब उसने कहां कि वह उसे पसंद करता है। उससे शादी करना चाहता है। तब तरुण को युवती ने बताया कि उसकी शादी हो चुकी है। तब तरुण वहां से चले गया। 4 दिन पहले मां के यहां रहने आई थी। तब तरुण ने देखा था। इसके बाद सोमवार रात वह कंपनी से घर की तरफ आ रही थी। तब उसका पीछा करते हुए तरुण घर तक आया। उसने हाथ पकड़ा ओर कहां कि शादी को लेकर उसकी बात मान लो। तब इस बात का विरोध किया तो तरुण ने सड़क पर ही युवती के साथ मारपीट कर दी। यह बात युवती ने अपने परिचित करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत को बताई। उन्होंने रात में 12 बजे थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक